# बिहार सरकार
## वाणिज्य–कर विभाग
### –:आदेश:–

संचिका संख्या–06 / पे0उ0–14–22 / 2020 / पटना, दिनांक–

स्व० जय शंकर सिंह, भूतपूर्व राज्य–कर संयुक्त आयुक्त, वाणिज्य–कर विभाग, बिहार, पटना द्वारा बिहार वित्त सेवा में नियुक्ति के पूर्व शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के अन्तर्गत सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित विशेष प्रतियोगिता परीक्षा में बिहार वित्त सेवा के लिए चयनित होने के उपरांत स्व0 सिंह की नियुक्ति विभागीय अधिसूचना संख्या–3418 दिनांक–16.07.2002 द्वारा परीक्ष्यमान वाणिज्य–कर पदाधिकारी के पद पर की गयी।

उक्त अधिसूचना के आलोक में जिला शिक्षा अधीक्षक, खगड़िया का पत्रांक–1370 दिनांक–19.07.2002 द्वारा दिनांक–19.07.2002 के अपराह्न में विरमित किये जाने के उपरांत स्व0 जय शंकर सिंह द्वारा दिनांक–20.07.2002 को परीक्ष्यमान वाणिज्य–कर पदाधिकारी के पद पर योगदान समर्पित किया गया। इस प्रकार स्व0 सिंह की दोनों सेवाओं के बीच कोई टूट नहीं है।

अतः वित्त विभाग की सहमति से स्व0 जय शंकर सिंह द्वारा दिनांक–23.09.1994 से 19.07.2002 तक शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के अन्तर्गत सहायक शिक्षक के पद पर की गयी सेवा को बिहार वित्त सेवा के साथ परिगणित करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

उक्त प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन,

ह0 / –

(विजय कुमार),<br>
उप सचिव,<br>
वाणिज्य–कर विभाग,<br>
बिहार, पटना।

ज्ञापांक–06 / पे0उ0–14–22 / 2020 397 / पटना, दिनांक– 02/02/26

प्रतिलिपिः– प्रधान महालेखाकार (ले0 एवं हक0), बिहार ,पटना /राज्य–कर आयुक्त –सह–सचिव के प्रधान आप्त सचिव/ कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना/प्रभारी पदाधिकारी वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना/आई०टी० मैनेजर, वाणिज्य–कर विभाग, बिहार, पटना एवं श्रीमती मीनू शारदा, पति–स्व० जय शंकर सिंह, भूतपूर्व राज्य–कर संयुक्त आयुक्त, ग्राम+पोस्ट–चातरघाट, जिला–खगड़िया, पिन–851204 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30-01-2026

उप सचिव<br>
वाणिज्य–कर विभाग,<br>
बिहार, पटना।